卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये॥

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 125 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦10 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## किसान परिवार के पांच सदस्यों ने एक साथ दी जान

मथुरा (उद संवाददाता)। जनपद के महावन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव खप्परपुर में मंगलवार की सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे उत्तर प्रदेश



को झकझोर कर रख दिया है। यहाँ एक किसान ने अपनी पत्नी और तीन मासूम बच्चों के साथ जहर खाकर सामूहिक आत्म हत्या कर ली। सुबह जब काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुला, तो ग्रामीणों ने भीतर जाकर देखा, जहाँ पांचों के शव बिस्तर पर पड़े मिले। एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत की खबर फैलते ही गांव में कोहराम मच गया और मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, 35 (शेष पृष्ठ सात पर)

## मातृशक्ति राज्य के विकास की मुख्य आधार स्तंभ: धामी

### मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना शुरू

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की एकल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए महिला सशक्ति करण एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना' का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विभिन्न क्षेत्रों से आई एकल महिलाओं को योजना से संबंधित चेक और स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने





कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड की मातृशक्ति राज्य के विकास की मुख्य आधार स्तंभ है। उन्होंने कहा कि ष्हमारी सरकार ने हमेशा मातृशक्ति को केंद्र में रखकर नीतियां बनाई हैं। एकल महिलाओं के सामने जीवन यापन की चुनौतियां अधिक होती हैं, इसलिए इस योजना के माध्यम से हम उन्हें न केवल आर्थिक सहायता दे रहे हैं, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास भी जगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि आज की महिलाएं किसी पर निर्भर रहने के बजाय स्वयं का व्यवसाय खड़ा करने का साहस रखती हैं और यह योजना उनके सपनों (शेष पृष्ठ सात पर)

## डंपर की टक्कर से महिला की मौत, पति गंभीर

### बेलगाम डंपरों के खिलाफ कांग्रेसियों ने एसडीएम कार्यालय पर दिया धरना, पुलिस पर उठाए सवाल

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एनएच 74 पर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के जानकारी के अनुसार, दिनेश वैद्य अपनी पत्नी कविता निवासी जोशी कॉलोनी, के समीप पहुंचे, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने उनकी








इनटॉर्च के सामने एक तेज रफ्तार डंपर ने मोटरसाइकिल सवार दंपति को बुरी तरह रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे में पत्नी बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। न्यूरिया, पीलीभीत के साथ दिनेशपुर में अपनी रिश्तेदारी से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वे एनएच 74 पर इनटॉर्च मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## आईटीबीपी जवान ने फांसी लगाकर दी जान

मसूरी (उद संवाददाता)। मसूरी में तैनात भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के एक जवान द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का दुखद मामला सामने आया है। जवान करीब दो माह पूर्व ही पिथौरागढ़ से मसूरी ड्यूटी पर तैनात होकर आया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आईटीबीपी के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार आईटीबीपी की 14वीं वाहिनी पिथौरागढ़ में नियुक्त कांस्टेबल चेतराम मीणा, उम्र 38 वर्ष, जो कि ग्राम भौबता, पोस्ट बसवा, जिला दौसा, राजस्थान का निवासी था, उसने अपने कमरे की खिड़की के कुंडे में नायलॉन की रस्सी का फंदा बनाया और उस पर लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना का पता चलते ही कैंप में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी कराई और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। प्रारंभिक जांच और विभागीय रिकॉर्ड खंगालने पर एक(शेष पृष्ठ सात पर)

## टेंट हाउस के गोदाम में लगी भीषण आग,लाखों की क्षति

देहरादून (उद संवाददाता)। थाना क्लेमेनटाउन क्षेत्र के अंतर्गत सुभाष नगर में बीती देर रात एक टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और भारी मशक्कत के बाद लगभग 30 हजार लीटर पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाया। समय रहते हुई कार्रवाई से आसपास के रिहायशी मकान आग की चपेट में आने से बच गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष नगर के प्रताप मार्ग स्थित नरेंद्र कुमार के टेंट हाउस के सामान में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि वे



पास के घरों की ओर बढ़ने लगी थीं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका पैदा हो गई थी। आग की गंभीरता को देखते हुए मुख्य फायर स्टेशन से अतिरिक्त दमकल वाहनों को मौके पर बुलाया गया। टेंट हाउस में रखी लकड़ी की मेजें, बर्तन, मैट, रजाई-गद्दे और अन्य ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग बार-बार भड़क रही थी।फायर यूनिटों ने घेराबंदी कर आग को चारों ओर से बुझाना शुरू किया। काफी प्रयासों के बाद स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सका। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।फायर स्टेशन ऑफिसर किशोर उपाध्याय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। फिलहाल फायर ब्रिगेड की टीम नुकसान का आकलन कर रही है और आग लगने के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

## अग्निकांड में दो झोपड़िया और गोशाला राख

### विवाह की खुशियां मातम में बदलीं,गाय की मौत और लाखों का नुकसान

किच्छा । किच्छा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गऊघाट में मंगलवार सुबह हुए एक भीषण अग्निकांड ने भारी तबाही मचाई है। इस हादसे में दो झोपड़ियां और एक गोशाला जलकर पूरी तरह राख हो गई। दुःखद बात यह रही कि गोशाला में बंधी एक गाय आग की भेंट चढ़ गई, जबकि घर में



रखा लाखों का सामान और वैवाहिक सामग्री जलकर नष्ट हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 6 बजे फायर स्टेशन किच्छा को सूचना मिली कि गऊघाट स्थित कटरा मोहल्ले में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से वाटर टेंडर और मिनी हाईप्रेशर वाहन तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना हुए। जब टीम मौके पर पहुंची, तो आग मोहम्मद शाह पुत्र शमशेर शाह की दो झोपड़ियों और गोशाला को अपनी (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर युवक युवतियों एवं ड्राईवर की आवश्यकता है।

-:संपर्क करें:- 8433432291

## बुल्लेशाह पाकिस्तान में दफना दिए तो फिर मसूरी में कैसे पहुंचे?

### मसूरी बुल्लेशाह मजार प्रकरण, उर्स के बहाने होती है लाखों की चंदा वसूली

-अर्श-

देहरादून। मसूरी स्थित जंगल के बीच बनी बुल्लेशाह की अवैध मजार सुर्खियों में है, खास बात ये है उक्त मजार को बुल्लेशाह की मजार बताने वाली प्रबंध समिति अभी तक ये नहीं बता पाई है कि उनके बाबा पाकिस्तान से मसूरी कैसे पहुंचे? बताया जाता है कि मजार के खादिमों ने स्थानीय हिंदुओं को आगे कर एक समिति बनाई हुई है जोकि उर्स के बहाने लाखों का चंदा एकत्र करती है जिसका कोई हिसाब किताब कहीं भी सार्वजनिक नहीं किया जाता। मसूरी में





जिस परिसर में उक्त अवैध मजार है वो एक ईसाई स्कूल है, और दिलचस्प बात ये है कि यहां कथित बुल्लेशाह के साथ साथ एक साथ कई अवैध मजारे भी बना दी गई है जिसके बारे में मजार समिति ने अभी तक मुंह नहीं खोला है कि वो किसकी है ? हिंदुत्व निष्ट संगठनों का कहना है कि समाज को गुमराह करने वाले समिति के लोग दरअसल कालनेमि है। दरअसल बाबा बुल्लेशाह नाम का एक ही फकीर सूफी कवि थे जोकि पाकिस्तान में दफनाए गए थे। बाबा बुल्लेशाह के बारे में कहा जाता है कि वो नास्तिक थे और खुदा को या ईश्वर को नहीं मानते थे,उनकी सूफी कविताएं गीत आज भी पाकिस्तान भारत के पंजाब क्षेत्र में गाए जाते है। बाबा बुले शाह के बारे में बताया जाता है कि उनके प्रथम आध्यात्मिक गुरु लाहौर के सूफी मुर्शिद शाह इनायत कादिरी थे। वे एक रहस्यवादी कवि थे और सर्वत्र उन्हें ष्पंजाबी ज्ञानोदय का जनक माना जाता है। वे कसूर(शेष पृष्ठ 7 पर)

### कालनेमि है यहां के समिति और खादिम?

विश्व हिंदू परिषद का कहना है कि बुल्लेशाह पाकिस्तान में दफनाए गए यहां मसूरी कैसे पहुंचे ? यकीनन यहां समिति के लोग और खादिम सबसे बड़े कालनेमि है जोकि देवभूमि की जनता को गुमराह कर अपना धंधापानी चला रहे है। विहिप के मीडिया प्रभारी पंकज चौहान का दावा है कि उक्त अवैध मजारे फर्जी है और इनके नीचे कुछ नहीं है। इन्हें प्रशासन को हटा देना चाहिए ताकि देवभूमि की संस्कृति का संरक्षण हो सके।(शेष पृष्ठ सात पर)

# समझौता लागू करने को किसान महासभा बागजाला ने सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) तराई पूर्वी डिवीजन से उनके हीरानगर स्थित कार्यालय में बागजाला गांव में विभिन्न विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए 24 नवंबर 2025 को हुए समझौते को लागू किए जाने के सम्बन्ध में वार्ता की।प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि बागजाला गाँव की समस्याओं के समाधान की मांग पर किसान महासभा के 100 दिन के धरने के पश्चात 24 नवंबर 2025 को उप जिलाधिकारी की उपस्थिति में एक समझौता किया गया था जिसमें रुके हुए विकास कार्यों जैसे जल जीवन मिशन की योजना पुन: शुरू किए जाने, क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत किए जाने, गांव में पहले से रह रहे लोगों को घरों की मरम्मत की अनुमति देने और जरूरत अनुसार कमरा, किचन, शौचालय निर्माण की अनुमति दिए जाने, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा हेतु सोलर लाइट/ स्ट्रीट लाइट लगाने, क्षतिग्रस्त गूल/नहरों की मरम्मत किये जाने, लंबे समय से गांव में रह रहे लोगों को बिजली और पानी के नए कनेक्शन दिए जाने पर सहमति बनी थी। इस बैठक में अन्य विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त डीएफओ के प्रतिनिधि के रूप में वन विभाग के तराई पूर्वी डिवीजन के एस डी ओ भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में पेयजल, सड़क निर्माण, भवन निर्माण, स्ट्रीट लाइट, लंबे समय से गांव में रह रहे लोगों को बिजली और पानी के नए कनेक्शन देने आदि विकास कार्यों को लेकर जो समझौता हुआ था। उसके अनुपालन में जल संस्थान द्वारा वन विभाग को जल जीवन मिशन योजना को पूरा करने के लिए विस्तृत प्रस्ताव भेजा गया था लेकिन अभी तक वन विभाग से अनुमति प्राप्त नहीं हुई है



जिसके चलते गांव में योजना का कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। इसके अतिरिक्त भवन निर्माण और रिपेयरिंग संबंधी पत्र भी उप जिलाधिकारी कार्यालय से प्रस्ताव वन विभाग में भेजा गया है उसकी प्रगति भी अभी तक उपलब्ध नहीं है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि, बागजाला गांव में क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू हो चुका है, गड्ढों में मिट्टी भरने के बाद डामर के पैच लगने हैं। यदि जल जीवन मिशन की योजना शुरू करने के लिए प्रस्ताव को अनुमति उससे पूर्व मिल जाय तो मरम्मत के बाद बनी बनाई सड़क को पुन: खोदने से बचा जा सकता है। जिससे सार्वजनिक धन का बेजा नुकसान नहीं होगा और ग्रामवासी भी लाभान्वित होंगे। ज्ञापन में बागजाला गांव की समस्याओं के निराकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए 24 नवंबर 2025 को हुए समझौते को लागू करने के लिए जो मांगें की गयी उनमें बागजाला गांव में जल जीवन मिशन की योजना के प्रस्ताव को शीघ्रता से मंजूरी दिये जाने, घरों की मरम्मत और जरूरत अनुसार कमरा, किचन, शौचालय निर्माण की अनुमति देने, महिला एवं बाल सुरक्षा के मद्देनजर गांव की सड़कों पर स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने, लंबे समय से गांव में रह रहे लोगों को बिजली और पानी के नए कनेक्शन देने पर लगी रोक हटाने की मांग शामिल है।डीएफओ तराई पूर्वी ने शीघ्रता से प्रस्तावों पर कार्यान्वयन की सहमति व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा यदि समझौते को शीघ्रता से अमल में लाने की कार्यवाही नहीं की गई तो बागजाला वासियों को पुन: आंदोलन की राह पर चलने को बाध्य होना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त क्षतिग्रस्त गूल/नहरों की मरम्मत किये जाने की मांग पर एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता सिंचाई विभाग के कार्यालय पर भी दिया गया।प्रतिनिधिमंडल में भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डॉ कैलाश पाण्डेय, अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला अध्यक्ष डॉ उर्मिला रैस्वाल, कोषाध्यक्ष मीना भट्ट, प्रचार सचिव पंकज चौहान, हेमा आर्य, रेशमा, यासीन, रमेश, दिनेश पांडेय, मकसूद, हेमा देवी, अजीम आदि शामिल रहे।

# ऊर्जा निगम के एमडी ने कुमाऊं मंडल के अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी अनिल कुमार यादव ने रामनगर पहुंचकर कुमाऊं मंडल के समस्त विभागीय अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना विभाग की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक उपभोक्ता तक पहुंचाने पर भी जोर दिया।बैठक के दौरान एमडी अनिल कुमार यादव ने राजस्व के आंकड़ों पर जानकारी देते हुए बताया कि विभाग को पूरे प्रदेश से प्रतिवर्ष करीब 11,500 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है, जिसमें अकेले कुमाऊं मंडल की हिस्सेदारी लगभग 4,500 करोड़ रुपये है। स्मार्ट मीटर को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों पर उन्होंने कहा कि ये पूरी तरह गलत हैं। स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ता सशक्त होंगे और उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए



कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। जिन क्षेत्रों में अभी स्मार्ट मीटर नहीं लगे हैं, वहां जल्द ही इन्हें लगाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। फरवरी और मार्च माह के लक्ष्यों पर चर्चा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को बकाया वसूली शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आगामी गर्मी के मौसम की तैयारियों पर एमडी ने आश्वासन दिया कि इस बार भी उपभोक्ताओं को अघोषित विद्युत कटौती से निजात मिलेगी। किसी तकनीकी फाल्ट की स्थिति में ही व्यवस्था कुछ समय के लिए बाधित हो सकती है, जिसे तत्काल सुचारू किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि ट्रांसफार्मर फुंकने की स्थिति में समय पर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में रिपोर्टर राजीव अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोकगीत 'बते दे' के निर्माता से कॉपीराइट के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप

रामनगर (उद संवाददाता)। हाल ही में रिलीज हुए पहाड़ी लोकगीत 'बते दे' को लेकर कॉपीराइट के नाम पर अवैध वसूली का गंभीर मामला सामने आया है। गीत पर आधारित वीडियो को बिना किसी पूर्व सूचना के यूट्यूब से हटवा दिया गया है, जिससे पहाड़ी लोकसंस्कृति से जुड़े कलाकारों और कंटेंट क्रिएटर्स में भारी नाराजगी है। पहाड़ी वीडियो निर्माता पंकज रावत ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि वे लंबे समय से उत्तराखंड की लोकसंस्कृति को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर वीडियो बना रहे हैं। उन्होंने 31 जनवरी को देहरादून में 'बते दे' गीत पर आधारित वीडियो रिलीज किया था, लेकिन 2 फरवरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी तरीके से कॉपीराइट का दावा करते हुए यूट्यूब पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद वीडियो को हटा दिया गया। निर्माता के अनुसार जब उन्होंने शिकायतकर्ता से ई-मेल के माध्यम से संपर्क किया, तो उस व्यक्ति ने कॉपीराइट हटाने के बदले 10 हजार रुपये की मांग की। साथ ही धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो उनके चौनल पर मौजूद अन्य वीडियो पर भी स्ट्राइक लगवाकर उन्हें हटवा दिया जाएगा। शिकायतकर्ता ने भुगतान के लिए जो खाता नंबर भेजा है, वह नागपुर निवासी एक व्यक्ति के नाम पर है। पंकज रावत का कहना है कि यह व्यक्ति फर्जी दावों के जरिए लोगों को ब्लैकमेल कर रहा है। उन्होंने यूट्यूब की नीतियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि बिना ठोस साक्ष्य के वीडियो हटाना गलत है। फिलहाल पंकज रावत ने इस पूरे प्रकरण की शिकायत साइबर क्राइम सेल में दर्ज कराने का निर्णय लिया है।



# ढेला रेंज में हाथी के साथ सेल्फी लेना पड़ा भारी

## युवकों ने भागकर बचाई जान,आक्रामक टस्कर ने बाइक सवारों को दौड़ाया

रामनगर (उद संवाददाता)। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेंज में वन्यजीवों के साथ लापरवाही का एक खतरनाक मामला सामने आया है। जंगल से निकलकर सड़क पर आए एक टस्कर हाथी के साथ दो बाइक सवार युवकों द्वारा फोटो और वीडियो बनाना जानलेवा साबित होते-होते बचा। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें हाथी युवकों को दौड़ता नजर आ रहा है।घटना शनिवार की बताई जा रही है, जब ढेला रेंज की सड़क पर एक हाथी जंगल से निकलकर काफी देर तक खड़ा रहा। इसी बीच वहां से गुजर रहे दो बाइक सवार युवक हाथी को देखकर रुक गए और नियमों को ताक पर रखकर उसके बेहद करीब जाकर सेल्फी और वीडियो बनाने लगे। वीडियो में स्पष्ट सुना जा



सकता है कि आसपास मौजूद लोग युवकों को लगातार पीछे हटने और हाथी को न छेड़ने की चेतावनी दे रहे थे, लेकिन युवकों ने इन चेतावनियों को अनसुना कर दिया।लगातार छेड़छाड़ से गुस्साए हाथी ने अचानक चिंघाड़ते हुए युवकों की ओर दौड़ लगा दी। आक्रामक टस्कर को अपनी ओर आता देख युवकों के हाथ-पांव फूल गए और वे बाइक लेकर तेजी से वहां से फरार हो गए। गनीमत रही कि समय रहते वे दूरी बनाने में सफल रहे, अन्यथा कोई बड़ी अनहोनी घट सकती थी। यह वीडियो अधिवक्ता मदन मेहता द्वारा साझा किए जाने के बाद चर्चा में आया है, जिस पर लोग वन्यजीव सुरक्षा नियमों की अनदेखी को लेकर नाराजगी जता रहे हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के एसडीओ अमित ग्वासिकोटी ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा के लिहाज से सड़क के दोनों ओर यातायात रोक दिया गया। हाथी के जंगल में वापस जाने के बाद ही आवागमन सुचारू किया गया। उन्होंने कहा कि बाइक सवार युवकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। एसडीओ ने आम जनता से अपील की है कि वन्यजीवों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, क्योंकि उन्हें परेशान करना किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकता है।


**कार्यालय नगर निगम रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)**

e-mail: nagarnigamrudrapur@gmail.com, visit: www.nagarnigamrudrapur.com

दूरभाष - 05944-242400, फैक्स- 05944-243316

**ई-निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रुद्रपुर के वार्ड संख्या 01 फुलसुंगा/फुलसुंगी, वार्ड नं0 16 किच्छा, वार्ड नं0 25, फाजलपुर महरौला, वार्ड नं0 32 भूरारानी एवं वार्ड नं0 40, सिडकुल की सफाई व्यवस्था आउटसोर्स एजेन्सी के माध्यम कराये जाने हेतु दिनांक 10-02-2026 को प्रातः 11 बजे से दिनांक 02-03-2026 की सांय 5:00 बजे तक दोहरी निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के अन्तर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05-03-2026 को दोपहर 12 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। ई-निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी / शर्तें उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट www.uktenders.gov.in तथा नगर निगम रुद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com से डाउनलोड की जा सकती है। ई-निविदा के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक स्वास्थ्य / अधिष्ठान अनुभाग, नगर निगम रुद्रपुर में सम्पर्क किया जा सकता है। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रुद्रपुर में निहित होगा।

(शिप्रा जोशी पाण्डेय)
नगर आयुक्त
नगर निगम रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर

(विकास शर्मा)
महापौर
नगर निगम, रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर


# दमुवाढूंगा में बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित कर समस्याओं का निस्तारण किया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अम्बेडकर पार्क दमुवाढूंगा में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं और अधिकांश शिकायतों का विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शिविर में कुल 89 समस्याएं दर्ज की गईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। शिविर में अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने प्रतिभाग कर जनता से संवाद किया और अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर समस्याओं का समाधान कराया।क्षेत्रीय लोगों ने दमुवाढूंगा क्षेत्र में युवाओं के नशे की गिरफ्त में होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया और नशे के खिलाफ अभियान चलाने का अनुरोध किया। इस पर अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने कहा कि क्षेत्र को नशा



मुक्त करने के लिए जनता का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और स्वयंसेवी संस्थाओं को नियमित चेकिंग अभियान चलाने के साथ ही नशे के आदी लोगों की काउंसलिंग करने के निर्देश दिए। शिविर में नालियों में कूड़ा फेंकने, एडीबी द्वारा सड़क खोदकर मरम्मत न करने, विद्युत पोल शिफ्टिंग, राशन कार्ड बनवाने, पेयजल संकट और भूमि विवाद जैसी समस्याएं छाई रहीं।दमुवाढूंगा के निवासियों ने नगर निगम के कूड़ा वाहन का समय निश्चित न होने की शिकायत की, जिसके कारण लोग नालियों में कूड़ा फेंक रहे हैं। इस पर अपर जिलाधिकारी ने निगम अधिकारियों को वाहन का समय तय करने और नालियों में कूड़ा डालने वालों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखकर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। भूमि विवाद के मामले में टीकाराम टम्टा ने प्लाट के सीमांकन न होने की समस्या रखी, जिस पर तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक को स्थलीय भ्रमण कर चिन्हांकन के निर्देश दिए गए। पेयजल आपूर्ति का समय निर्धारित न होने पर जल संस्थान को निर्देश दिए गए कि पानी छोड़ने का समय तय कर जनता को सूचित किया जाए।शिविर में कुल 23 विभागों ने अपने स्टॉल लगाए थे। स्वास्थ्य विभाग ने 37 लोगों की जांच कर दवाइयां बांटीं, जबकि समाज कल्याण विभाग ने वृद्धा और दिव्यांग पेंशन के 13 फॉर्म वितरित किए। कृषि विभाग द्वारा दवाइयां, यंत्र और बीज वितरित किए गए। विद्युत और जल संस्थान के बिलों में संशोधन किया गया और खाद्य विभाग ने राशन कार्ड ऑनलाइन किए। विशेष रूप से शिविर में नव विवाहितों का यूसीसी के तहत विवाह पंजीकरण भी किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त पारितोष वर्मा, सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल, उपजिलाधिकारी राहुल साह, तहसीलदार कुलदीप पाण्डे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, क्षेत्रवासी और मातृशक्ति उपस्थित थी।

# नफरत फैलाने वाले तत्वों पर कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोटद्वार और रुद्रपुर में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने व दहशत का माहौल पैदा करने वाले तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी के माध्यम से पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन भेजा गया। जिलाधिकारी कार्यालय में हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में पिछले कुछ समय से अल्पसंख्यक समुदाय को निशाने पर लेकर सांप्रदायिक वातावरण को ध्वस्त करने की घृणित कोशिशें की जा रही हैं। वक्ताओं ने कोटद्वार की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वहां बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक दुकान से 'बाबा' शब्द हटाने का दबाव बनाया गया। इसका विरोध करने वाले दीपक और विजय नामक व्यक्तियों की आवाज दबाने के लिए अन्य शहरों से भीड़ बुलाई गई और राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर आतंक फैलाया गया। अफसोसजनक है कि पुलिस ने उपद्रवियों पर कार्रवाई के बजाय सौहार्द की बात करने वालों पर ही संगीन मुकदमे दर्ज कर दिए। रुद्रपुर की घटना पर आक्रोश जताते हुए वक्ताओं ने कहा कि यहां भाईचारे की बात करने वाले जिम संचालक मोहित चोपड़ा के बोर्ड पर कालिख पोती गई और उन्हें डराया-धमकाया गया। इस मामले की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकार रूपेश को भी सोशल मीडिया पर



लगातार धमकियां दी जा रही हैं, जो बेहद चिंताजनक है। ज्ञापन में मांग की गई कि कोटद्वार में दीपक और विजय पर दर्ज मुकदमे रद्द किए जाएं और राजमार्ग जाम कर हिंसा भड़काने वाले तत्वों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया जाए। साथ ही पत्रकार रूपेश कुमार को धमकी देने वाले अराजक तत्वों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन देने वालों में क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के शिवदेव सिंह, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की रविंद्र कौर, इंकलाबी मजदूर केंद्र के कैलाश भट्ट, सीएसटीयू के विजय कुमार, भाकपा (माले) के ललित मटियाली, ईदगाह बचाओ संघर्ष समिति के मजहर रिजवी, सीएनजी टेंपो यूनियन के सुब्रत विश्वास, मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान के दिनेश चंद्र, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश, काकोरी शहीद यादगार कमेटी के शक्ति सरकार, निकाय कर्मचारी महासंघ के पूर्व सदस्य एन बी शर्मा और इंट्रार्क मजदूर संगठन के वीर सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# कियो किशन कराटे फाउंडेशन उत्तराखंड का बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट संपन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कियो किशन कराटे फेडरेशन फाउंडेशन द्वारा कराटे बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट देवभूमि एजुकेशन सोसाइटी देवलचौड मे आयोजित किया गया। जिसमें 28 बच्चों ने बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट दिया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रांतीय उद्योग व्यापार जिला महामंत्री



हर्षवर्धन पांडे एवं पार्षद भागीरथी देवी, डायरेक्टर देवभूमि एजुकेशन एकेडमी, रूपेंद्र नागर प्रदेश अध्यक्ष कियो किशन कराटे फाऊंडेशन उत्तराखंड, विशिष्ट अतिथि अभिषेक कश्यप मीडिया प्रभारी शिवसेना , सूरज प्रकाश, डूंगर सिंह ढोलगाई समाजसेवी, पवन बिष्ट डायरेक्टर बिष्ट पावर जिम एवं दिव्या बिष्ट आदि सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से किया। प्रदेश अध्यक्ष रूपेंद्र नागर ने बताया कि कैंप में 28 बच्चों ने बेल्ट टेस्ट दिया जिनकी ग्रेडिंग करने के लिए राष्ट्रीय सचिव सीनियर कोच हरिश्चंद्र पांडे 4जी डान ब्लैक बेल्ट, अक्षिता पांडे सेकंड डान ब्लैक बेल्ट, दीपक रावल सेकंड डान ब्लैक बेल्ट, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मुजाहिद इस्लाम, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, लकी नेगी, फर्स्ट एडान ब्लैक बेल्ट आदि सीनियर कोचो नए सामूहिक रूप से ग्रेडिंग टेस्ट लिया। ब्राउन बेल्ट के लिए रमजा मुजाहिद रोहित सिंह, सौजन्या गंगोला, मृदुल चिलवाल, प्रियांशु ढोलगाई, भावेश नेगी, गुंजन बिष्ट, भारती अलमिया, श्वेता अलमिया, प्रियांशु जोशी, प्रद्युम्न चिटवाल, प्रत्याशा जोशी, सानिया करायत, संजना पांडे, लावण्या गंगोला, हिमांशी पांडे, शिवांश भाकुनी, वैष्णवी जोशी, प्रतीक नेगी, दिव्यांशी पंत, क्रियांश बुदलाकोटी, डिंपी तिवारी, स्नेहा मधु, महिमा, शिवांश जोशी, प्राची, हर्षिता पांडे, आदि बच्चों ने बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट दिया। सभी अतिथि ने सामूहिक रूप से सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की एवं कियो किशन कराटे का 35 वा नेशनल टूर्नामेंट जो की देहरादून में आयोजित किया गया था। जिसमें हल्द्वानी भीमताल आदि शहरों के 14 खिलाड़ियों ने 8 गोल्ड मेडल 4 सिल्वर मेडल और 6 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त प्राप्त करके नैनीताल जिले व उत्तराखंड का नाम रोशन किया था उन खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पूजा बिष्ट, श्रीमती सीमा ढोलगाई ,करण कश्यप, देवेंद्र बिष्ट, आदि प्रतिनिधि एवं अनेको अभिभावक सम्मिलित हुए।

# मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना निंदनीयः बेहड़

## विधायक बेहड़ ने जनता संवाद कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं को सुना

किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) से राष्ट्रपिता का नाम हटाने या बदलने के प्रयासों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि भारत के गांव, गरीब, मजदूर और किसान की आजीविका की रीढ़ है। इस योजना का नाम महात्मा गांधी के नाम पर होना देश की उस विचारधारा का प्रतीक है जो अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान की बात करती है। बेहड़ ने इस संभावित फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध बताते हुए कहा कि यह न केवल गांधी का अपमान है, बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों का भी अपमान है जो इस योजना से अपना परिवार पाल रहे हैं।विधायक ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा लगातार इतिहास को बदलने और महापुरुषों के योगदान को मिटाने का प्रयास कर रही है। कभी पाठ्यक्रम तो कभी योजनाओं



के नाम बदलकर आने वाली पीढ़ी को सच्चाई से दूर रखने की साजिश की जा रही है। उन्होंने याद दिलाया कि कोरोना काल जैसे कठिन समय में इसी मनरेगा ने करोड़ों लोगों को भुखमरी से बचाया था, जिसे अब कमजोर किया जा रहा है। बेहड़ ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं से अपील की है कि वे गांव-गांव जाकर गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को सच्चाई बताएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया, तो इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा और सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी।इसके साथ ही विधायक बेहड़ ने जनता संवाद कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं को सुना। इस दौरान वार्ड नंबर 5 नानक नगर बंडीया से जोगिंदर प्रसाद, राजेश, जलाल, श्रीपाल, राजेंद्र, गुलजार, मनजीत कौर और उजागर सिंह ने 200 मीटर सड़क निर्माण की मांग रखी। वहीं वार्ड नंबर 3 सिसई से रिजवान सलमानी और अनिल सहित वार्डवासियों ने फैज अहमद खान के आवास से रूप सिंह बंगाली के मकान तक सड़क बनाने की मांग की। वार्ड नंबर 4 के पूर्व सभासद असीम अहमद ने शमी के मकान से मुजीब के मकान तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव रखा। विधायक बेहड़ ने सभी क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता से समाधान होगा और विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र से अज्ञात चोरों ने स्कूटी उड़ाई

काशीपुर। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र के आवास विकास जैसे पॉश इलाके से अज्ञात चोरों ने दुकान के सामने खड़ी स्कूटी पर हाथ साफ कर दिया। मोहल्ला कटोरा ताल निवासी उमेश पांडे पुत्र देवी दत्त पांडे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 7 फरवरी की शाम 7:15 बजे के करीब वह अपनी पर्ल ब्लैक रंग की होंडा एक्टिवा संख्या यूके 18 यूं/6417 तनेजा बेकरी जोशी हार्ट सेंटर के सामने खड़ी कर आवश्यक कार्य बस कहीं चला गया लगभग 20 मिनट बाद जब वापस लौटा तो मौके से उसकी स्कूटी गायब थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि गायक स्कूटी उसकी पत्नी हिमानी पांडे के नाम रजिस्टर्ड है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया।

**आवश्यकता है**

एक कुशल अनुभवी एकाउण्टेंट की। जिसे जीएसटी+टैक्स का अच्छा अनुभव हो। वेतन योग्यतानुसार। शीघ्र आफिस पर सम्पर्क करें।

पता-एसटीसी वैन्चर महिन्द्रा शोरूम के सामने किच्छा बाईपास रोड,रूद्रपुर

-सम्पर्क सूत्र-

9548200711

8218640588

# खेल महाकुंभ में ऊधम सिंह नगर के खिलाड़ियों ने जीता खिताब

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग उत्तराखण्ड के नेतृत्व में चल रही मुख्यमंत्री चौंपियनशिप ट्रॉफी खेल महाकुंभ में दिनांक 3 फरवरी से 5 फरवरी तक राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट खेल का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के ऊधम सिंह नगर, देहरादून, तहरी गढ़वाल, उत्तरकाशी, नैनीताल, हरिद्वार और पिथौरागढ़ के करीब 180 खिलाड़ियों ने अंडर 14 बालक-बालिकाओं और अंडर 19 युवा कल्याण विभाग राकेश चंद्र जोशी, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रमोद पांडेय, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आदर्श पंत और पेंचक सिलाट संघ उत्तराखण्ड के महासचिव बबलू दिवाकर ने सभी खिलाड़ियों को मेडल



बालक-बालिकाओं के वर्ग में पदक के लिए जोर आजमाइश की। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले अंकित सिंह, रितिक कुमार, आयुष चंद्र, पूजा मैहर, सत्यम बडोला, प्रत्यक्ष सिंह मेहरा, मोहम्मद सर्जिल, कार्तिक पटेल और यशोधन राणा ने अपनी सेवाएं दीं। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर शक्ति सिंह, उप निदेशक, युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, अपर निदेशक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तराखंड की खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्या और युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग का विशेष आभार व्यक्त किया गया जिन्होंने इस वर्ष पेंचक सिलाट खेल को मुख्यमंत्री चौंपियनशिप ट्रॉफी राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में सम्मिलित किया। जिस कारण प्रदेश के पेंचक सिलाट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।प्रतियोगिता में सर्वाधिक पदक अर्जित करने पर ऊधम सिंह नगर जनपद को प्रथम स्थान, नैनीताल को द्वितीय और देहरादून को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

**जगदीश**

**कलर लैब**

**टंडन फोटो स्टूडियो**

पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें

जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।

मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।

काशीपुर बाईपास रोड,

गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर

E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com

Web: jagdishcolourlab.com

05944-246817

# श्रम संहिताओं के विरोध में श्रमिकों ने निकाली रैली

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। 4 श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) के विरोध में आगामी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रीय आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए श्रमिक संयुक्त मोर्चा ने सोमवार को परशुराम चौक, ट्रांजिट कैंप से गांधी पार्क तक विशाल बाइक रैली निकाली। इस दौरान श्रमिकों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और नए कानूनों को मजदूर विरोधी करार दिया। परशुराम चौक पर आयोजित संक्षिप्त सभा को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि 12 फरवरी की हड़ताल का उद्देश्य इन 4 श्रम संहिताओं को लागू होने से रोकना है। उन्होंने कहा कि मजदूर वर्ग पहले से ही शोषण का शिकार है और अब सरकार पुराने श्रम कानूनों को खत्म कर पूंजीपतियों के हित में नए कोड्स लाकर मजदूरों को बंधुआ गुलाम बनाने की तैयारी कर रही है।सभा के दौरान सीएसटीयू के मुकुल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मीठे शब्दों में परिभाषित कर मजदूरों को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुराने 29 श्रम कानूनों में मिले अधिकारों में कटौती कर जो नई संहिताएं बनाई गई हैं, वे पूरी तरह से कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुँचाने वाली हैं। नए कानूनों के तहत अब 58 वर्ष की स्थाई नौकरी के बजाय 'फिक्स्ड टर्म जॉब' यानी निश्चित अवधि की नौकरी होगी, जिसमें 'हायर एंड फायर' पॉलिसी के कारण श्रमिकों पर हमेशा नौकरी जाने की तलवार लटकी रहेगी। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि इन कानूनों के लागू होने के बाद मजदूरों का यूनियन बनाना और अपने हक के लिए लड़ना लगभग असंभव हो जाएगा। साथ ही, अब 300 श्रमिकों वाली कंपनियों के मालिक बिना सरकार की अनुमति के मनमर्जी से फैक्ट्रियां बंद कर सकेंगे, जिसकी सीमा पहले केवल 100 श्रमिकों तक थी।वक्ताओं ने आरोप लगाया कि देश के श्रम बल को अडानी और अंबानी जैसे पूंजीपतियों का गुलाम बनाने की साजिश रची जा रही है और



'अमृतकाल' के नाम पर गैर-संवैधानिक कार्यों को संवैधानिक जामा पहनाया जा रहा है। इस दौरान भाकपा (माले) के ललित मटियाली, इंकलाबी मजदूर केंद्र के दिनेश चंद्र, ऐक्टू जिला सचिव अनिता अन्ना, हरेंद्र सिंह, महेंद्र राणा, जगमोहन, पुष्कर खाती, भीम सिंह, कमल, डूंगर सिंह, धीरज जोशी और हीरा राठौर समेत दर्जनों श्रमिक उपस्थित रहे।

# कुंभ की तैयारियां अक्टूबर माह तक पूरी हों: मुख्यमंत्री

## सभी अखाड़ों, मठों ,संत समाज, संस्थाओं, समितियां एवं स्थानीय लोगों के सुझावों के अनुरूप मेले की तैयारी करें

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में कुम्भ मेला-2027, हरिद्वार की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की।इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुंभ से संबंधित सभी तैयारियों को अक्टूबर माह तक पूरा किया जाए। साथ ही कुंभ की आवश्यकताओं को देखते हुए सभी प्रकार के निर्माण कार्य तय समय के अंदर पूरे हों। सभी निर्माण कार्य की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। शासन स्तर पर कुंभ से संबंधित कोई भी कार्य/फाइल लंबित न रहे। किसी भी कार्य को लंबित रखने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार की प्राथमिकता है की कुंभ मेले का भव्य दिव्य और सफल आयोजन हो।मुख्यमंत्री ने सचिव, पीडब्ल्यूडी को अगले 24 घंटे के अंदर कुंभ मेले के लिए टेक्निकल पद के अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुंभ क्षेत्र में बने सभी पुलों का ऑडिट किया जाए। साथ ही कुंभ क्षेत्र में स्थित सभी घाटों का सौंदर्यीकरण और आवश्यकता अनुसार पुनर्निर्माण कार्य भी किया जाए। उन्होंने कहा श्रद्धालुओं के लिए हर की पैड़ी के साथ ही अन्य सभी घाटों में भी स्नान की व्यवस्था की जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए। सभी प्रमुख स्थानों पर शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था हो। पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों, जल पुलिस की तैनाती हो। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन, सीसीटीवी एवं अन्य आधुनिक उपकरणों का उपयोग भी हो। उन्होंने कहा मेले के दौरान कानून व्यवस्था, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन की विस्तृत कार्य योजना अलग से बनाई जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेला क्षेत्र में विभिन्न अखाड़ों को भूमि आवंटन तय समय पर किया जाए। इसकी मेलाधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करें। साथ ही सभी अखाड़ों, मठों ,संत समाज, संस्थाओं, समितियां एवं स्थानीय लोगों से परस्पर्म समन्वय किया जाए। साथ ही उनके सुझावों के अनुरूप मेले की तैयारी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कुंभ के दौरान लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना न करना पड़े, इसके लिए कुंभ क्षेत्र में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण की खिलाफ अभियान चलाया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संबंधित मामलों पर जल्द अनुमति ली जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अन्य प्रदेशों से भी परस्पर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा मेले से संबंधित सभी विकास कार्य कागजों के साथ धरातल में भी दिखाई देने चाहिए। मुख्यमंत्री ने आवास व टेंट सिटी की तैयारी समय से पूरी करने एवं मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, एम्बुलेंस व मोबाइल चिकित्सा दल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कुंभ मेला हमारी संस्कृति, आस्था और करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा धार्मिक आयोजन है। इस आयोजन को सफल बनाना हम सभी का कर्तव्य है। जो भी श्रद्धालु राज्य में आए वह अच्छा अनुभव यहां से लेकर जाएं। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री सुबोध उनियाल, विधायक श्री मदन कौशिक, विधायक श्री आदेश चौहान, विधायक श्रीमती रेनू बिष्ट, विधायक श्रीमती अनुपमा रावत, विधायक श्री रवि बहादुर, उत्तराखण्ड अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष श्री विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, डीजीपी श्री दीपम सेठ, प्रमुख सचिव एल. फैनई, श्री आरके सुधांशु, सचिव श्री शैलेश बगौली, सचिव श्री नितेश झा, कुंभ मेलाधिकारी सोनिका सिंह एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





# जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में 267 बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

किच्छा (उद संवाददाता)। श्री कृष्ण मर्चेंट एसोसिएशन इण्टर कॉलेज में जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का भव्य आगाज हुआ। इस आयोजन में जनपद के सभी विकासखंडों से चयनित कुल 267 छात्र-छात्राओं ने अपने अभिनव वैज्ञानिक मॉडल और प्रोजेक्ट्स के माध्यम से भविष्य की तकनीक की झलक पेश की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक तिलक राज बेहड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया, जबकि अध्यक्षता गिरधारी लाल गोयल ने की। मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत के मार्गनिर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की जमकर सराहना की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. हिमांशु वर्मा, डॉ. महेंद्र मोहन शर्मा, मनोज सिंघल, मुकेश अग्रवाल एवं रोशन लाल सिंघल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में एनआईएफ नोएडा के प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील भास्कर, एसीआईसी देवभूमि फाउंडेशन के सीईओ डॉ. कमल रावत और डायट रुद्रपुर के प्रवक्ता भूपाल सिंह नेगी ने छात्र-छात्राओं के प्रोजेक्ट्स का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर उनकी योग्यता को परखा। कार्यक्रम का संचालन अंकित पाण्डे ने किया। इस दौरान जनपद समन्वयक प्रेमचन्द, जिला संदर्भदाता सीमा त्रिवेदी, राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया के प्रधानाचार्य आमोद सक्सेना और किसान इंटर कॉलेज लालपुर के प्रधानाचार्य फैज अहमद की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए श्री कृष्ण मर्चेंट एसोसिएशन इण्टर कॉलेज को गोद लेने की घोषणा की। उन्होंने विद्यालय के विकास के लिए 10 लाख रुपये प्रदान करने का एलान करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी स्कूल की उन्नति के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। वहीं, छात्र-छात्राओं के बैठने की असुविधा को देखते हुए विशिष्ट अतिथि मनोज सिंघल, मुकेश अग्रवाल और रोशन लाल सिंघल ने संयुक्त रूप से विद्यालय को 500 कुर्सियां उपलब्ध कराने की घोषणा की। मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की रचनात्मकता को उचित मंच मिलता है। अंत में प्रधानाचार्य मुकेश कुमार अग्रवाल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजीव सिंह, वीरेंद्र कुमार, शुभम मित्तल, पूनम, तबस्सुम, गजेंद्र कुमार और प्रदीप जोशी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।




# हादसे में मृतकों के शव के साथ धरने पर बैठे किसानों से मिले आर्य

बाजपुर (उद संवाददाता)। सोमवार को ओवरलोड़ डम्पर की टक्कर से दो युवकों की हुई मौत के बाद शव लेकर कुंडेश्वरी स्थित ढकिया रोड़ नूरपुर मोड़ और ब्रह्म नगर के ग्रामीण परिजनों के साथ धरने पर बैठे गये। सायं काल नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य भी धरनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्र में ओवरलोड़ वाहनों से हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए मौजूद अधिकारियों से कहा कि खनन वाहनों से क्षेत्र के पांच नागरिकों की असमय मौत के लिए सम्बन्धित अधिकारियों की कार्यप्रणाली दोषी है। ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन नहीं कराया जा रहा है। उन्होंने कहा वह ऐसे मामलों को विधानसभा में उठाएंगे। आर्य ने कहा उनका यहां आने का मकसद राजनीति नहीं दु:खी परिवार को न्याय दिलाना है।



# कैंचीधाम बायपास पर हर हाल में 15 जून तक हो जाए यातायात शुरू

## कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने किया 1258.12 लाख की 5 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलांयास

भीमताल। जनपद नैनीताल निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा लगातार विभिन्न विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। विकास की इस कड़ी में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज द्वारा विकास भवन पहुॅचकर लोक निर्माण विभाग की 945.99 04 योजनाओं का शिलान्यास किया गया जबकि लोक निर्माण विभाग की ही 312.13 की एक योजना का लोकार्पण किया गया है। इस प्रकार कुल 1258.12 लाभ रूपये की 5 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलांयास किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पंचायतों को सशक्त करने के लिए 73 संविधान संशोधन के तहत 11 अनुसूची में वर्णित 29 विषयों के हस्तांतरण हेतु कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के समस्त जनपदों में नये पंचायत भवनों का निर्माण एवं पुराने पंचायत भवनों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में सड़कों की कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान दे रही है। अभी तक 14027 नये गाँवों को सड़क मार्ग प्रदान कर राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़कर गाँवों के विकास के लिये सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि दीन दयाल उपाध्याय होम स्टे विकास योजना के अंतर्गत अब तक पांच हजार से अधिक होम स्टे पंजीकृत किये जा चुके हैं। जबकि 1118 लोग इस योजना का लाभउठा चुके हैं। कैबीनेट मंत्री सतपाल महाराज ने विकास भवन सभागार पहुॅचकर जन संवाद किया तथा जनपद में चल रहे विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि कैंची धाम आने वाले श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों की यात्रा को सरल, सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए कैंचीधाम बायपास निर्माण कार्य 15 जून तक पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि बायपास में 75 मीटर स्पान के बन रहे पुल में विलम्ब होने की संभावना होने पर अस्थायी रूप से वैलीब्रिज की व्यवस्था करते हुए 15 जून तक हर हाल में बायपास रोड शुरू करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अभियन्ताओं को दिये। उन्होंने जनपद की सड़कों पर दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे यातायात के दबाव को देखते हुए निर्देश दिये कि जनपद की महत्वपूर्ण सड़कों के चौड़ीकरण हेतु प्रस्ताव प्राथमिकता के आधार पर शासन में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा सड़कों पर दौड़ रहे भारी वाहनों के अनुरूप ही सड़कों का निर्माण किया जाये ताकि अधिक दबाव के कारण सड़कें जल्दी खराब न हों और हॉटमिक्स कार्य में गुणवत्ता विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि पहाड़ों के विकास में सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निर्देश दिये कि क्षतिग्रस्त गूलों एवं नहरों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि भीमताल-नौकुचियाताल नहर से अतिक्रमण हटाने हेतु शीघ्रता से कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन के सहयोग से तत्काल अतिक्रमण हटाया जाये। उन्होंने भीमताल के ढुंगसील पहाड़ी से हो रहे भू-कटाव को रोकने के लिए प्रस्ताव तैयार करने, झीलों, नदियों तथा तालाबों में जमा गाद, सिल्ट आदि को हटाने एवं नदियों को साइंटिफिक तरीके से व आसानी से चौनलाइज करने के लिए आधुनिकतम मशीन खरीदने का प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अभियन्ताओं को दिये। उन्होंने पंचायतीराज विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि गांव से लेकर मुख्यालय तक कूड़े का निस्तारण प्रोपर होना चाहिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कूड़ा निस्तारण हेतु कॉम्पेक्टर्स का भी उपयोग किया जाये तथा स्वच्छता हेतु जन सहयोग लिया जाये और सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फैंकने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जाये। उन्होंने पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि संचालित होम स्टे में स्वच्छ शौचालय हों तथा सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि होम स्टे योजना के अन्तर्गत कमरों की संख्या बढ़ाने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। बैठक में विधायक सरिता आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट आदि द्वारा विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में विधायक सरिता आर्या, अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दर्मवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मुख्य विकावस अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित थे।





# राजभवन घेराव के लिए जिले से जाएंगे हजारों कार्यकर्ता: आर्य

## प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी 16 फरवरी को प्रदेश के जनहित से जुड़े अनेक मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रस्तावित राजभवन घेराव कार्यक्रम में जनपद ऊधमसिंह नगर से हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। एक होटल में प्रेस वार्ता करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। राज्य को भ्रष्टाचार से मुक्त करने का दावा करने वाली भाजपा सरकार ने खुद भ्रष्टाचार के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। इस सरकार का एक ही लक्ष्य लूट है। उन्होंने कहा कि राजभवन घेराव कार्यक्रम को लेकर विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसमें ऊधमसिंह नगर जिले से 7 हजार से अधिक कार्यकर्ता भी शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन के संरक्षण में प्रदेश में जमीनों को खुर्द-बुर्द किया जा रहा है। मसूरी में पर्यटन विभाग की जमीन पर 23 करोड़ का लोन वर्ल्ड बैंक, नाबार्ड से ले लिया। इसके बाद इस जमीन का समतलीकरण और सौंदर्याकरण कर इसे एक करोड़ प्रतिवर्ष की लीज पर दे दिया। जबकि इस भूमि का बांजार मूल्य 27 हजार करोड़ है। वहीं उद्यान विभाग रामगढ़ नैनीताल में काश्तकारों की जमीनों का अधिग्रहण किया गया। जल विद्युत निगम विकासनगर की सैकड़ों करोड़ की जमीन खुर्द-बुर्द की जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की नदियां बेची जा रही हैं। हैदराबाद की कंपनी यहां खनन का संचालन कर रही है। गरीब और कमजोर नदी में पांव रखने का साहस नहीं कर सकता है। अफसरसाही बेलगाम और कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच के मामले में मुख्यमंत्री झुके और सीबीआई जांच को संस्तुति की। इसके बाद भी परिजनों की जगह दूसरे की ओर से तहरीर दी जाती है और उस पर सीबीआई जांच की जा रही है। इस दौरान मीना शर्मा के धरने में पार्टी के कार्य कर्ताओं के न जाने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि मीना शर्मा पार्टी की वरिष्ठ नेता हैं। उनके साथ पूरी कांग्रेस खड़ी है। उन्होंने कहाकि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की कांग्रेस में एंट्री को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व ही फैसला लेगा। इसमें प्रदेश स्तरीय नेताओं के साथ स्थानीय नेताओं से भी राय ली जाती है। इसके बाद फैसला होता है। वहीं इस बैठक में किच्छा से विधायक तिलकराज बेहड़ और पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा के शामिल नहीं होने पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में नाराजगी भी देखने को मिली। कुछ पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन एक है तो सबको एक होना पड़ेगा। आगामी चुनाव को देखते हुए यह बहुत जरूरी है। इस दौरान जसपुर विधायक आदेश चौहान, खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, महानगर अध्यक्ष ममता रानी, पुष्कर राज जैन, योगेश चौहान, संदीप चीमा, गणेश उपाध्याय समेत विभिन्न ब्लॉक अध्यक्ष आदि रहे।

# फांसी पर लटका मिला राज मिस्त्री का शव

## घटना से पूर्व पत्नी के साथ हुआ था झगड़ा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मोहल्ला जगतपुरा में सोमवार की देर सायं संदिग्ध हालत में एक राजमिस्त्री का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। बताया जाता है कि घटना से पूर्व उसका पत्नी के साथ झगड़ा हुआ था। मृतक मूल रूप से यूपी के मुरादाबाद का रहने वाला था और रुद्रपुर में राजमिस्त्री का काम करता था। सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को फांसी से उतारकर जिला चिकित्सालय भेजा और परिजनों से आवश्यक पूछताछ की। चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से कांठ, मुरादाबाद निवासी 30 वर्षीय आशु कुमार पुत्र लक्ष्मण कुमार पेशे से राजमिस्त्री का काम करता था और अपनी पत्नी लक्ष्मी और चार बच्चों के साथ जगतपुरा क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा था। बताया जा रहा है कि सोमवार को किसी बात को लेकर उसका पत्नी के बीच विवाद हुआ और इसके बाद आशु कमरे में चला गया। कुछ देर बाद आशु का शव कमरे में पंखे के सहारे लटका हुआ मिला। पत्नी लक्ष्मी ने पति को कमरे में फंदे से लटका देखा तो उसने शोर मचाया। शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल आशु के शव को फंदे से नीचे उतारा। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही ट्रांजिट कैंप कोतवाली के एसएसआई महेश कांडपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी मोहन पांडे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत केसही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।मामले की जांच की जा रही है।

# अर्बन पीएचसी की समीक्षा बैठक में दिये महत्वपूर्ण निर्देश



रुद्रपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल की अध्यक्षता में अर्बन पीएचसी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में ट्रांजिट कैंप, रम्पुरा और खेड़ा के चिकित्सक, एएनएम और स्टाफ नर्स मौजूद थे। बैठक में डॉ. संजीव सरना ने टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग और गर्भवती महिलाओं की देखभाल के संबंध में पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने कहा अर्बन पीएचसी से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी समस्त इंडिकेटर शत प्रतिशत होना आवश्यक है,जिसमें टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग और गर्भवती महिलाओं की देखभाल शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने कहा कि जिन भी अर्बन पीएचसी द्वारा शत प्रतिशत नहीं किया जाएगा,वहां के स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी,जिसमें अनुशासकार्रवाई और प्रशिक्षण शामिल हो सकता है। इसलिए अपने स्वास्थ्य संबंधी सारे इंडिकेटर शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें, जिसमें टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, और गर्भवती महिलाओं की देखभाल शामिल हैं। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु मुश्योंनी, दान सिंह भंडारी, जिला लेखा प्रबंधक चांद मियां, जिला डेटा प्रबंधक संजय पांडे, जिला कंसल्टेंट दिनेश जोशी, जिला समन्वयक सीपीएचसी पूरणमल, जिला समन्वयक आदि मौजूद थे।। इस बैठक का उद्देश्य अर्बन पीएचसी के कामकाज की समीक्षा करना और आवश्यक निर्देश देना था। बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों ने अपने सुझाव और विचार रखे और अर्बन पीएचसी के कामकाज में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने चलाया चेकिंग अभियान




हल्द्वानी। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद के विभिन्न तहसील क्षेत्रान्तर्गत रामनगर, हल्द्वानी नगर निगम, हल्द्वानी ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत तैनात वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कुल 15 खाद्य प्रतिष्ठानों जिनमें होटल रेस्टोरेंट शामिल हैं का निरीक्षण किया गया। यह जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त/ अभिहित अधिकारी खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 08 खाद्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत फूड हेर्डस के मेडिकल सार्टिफिकेट नहीं पाये गये है। जिन्हे वरिष्ठ खाद्य सुरक्ष अधिकारियों द्वारा मेडिकल सार्टिफिकेट 10 दिन के भीतर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है। 10 दिन के भीतर मेडिकल सार्टिफिकेट उपलब्ध नहीं कराये जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, 2006 की धारा-55 के अन्तर्गत विधिवत कार्यवाही अमल में ली जायेगी। उन्होंने बताया कि जनपद के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों नगर निगम हल्द्वानी, हल्द्वानी ग्रामीण एवं रामनगर क्षेत्र से विभिन्न प्रकार के पनीर 01, मसाले 02, मावा 01 खुला रिफाइंड ऑयल 01 के कुल 05 नमूने जॉच हेतु खाद्या विश्लेषण शाला रूद्रपुर भेजे गये है। खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण एवं नमूना संग्रह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# विद्युत दरों के निर्धारण को लेकर 23 फरवरी को रुद्रपुर में होगी जन सुनवाई

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के समक्ष उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल), उत्तराखण्ड पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (पिटकुल),राज्य भार प्रेषण केन्द्र (एस एलडीसी) एवं यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विद्युत वितरण, पारेषण एवं उत्पादन की प्रस्तावित टैरिफ दरों के निर्धारण संबंधी याचिकाएं प्रस्तुत की गई हैं। इन याचिकाओं पर आम विद्युत उपभोक्ताओं, सामाजिक संगठनों और अन्य हितधारकों के सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जन सुनवाई का कार्यक्रम तय किया गया है। इसी क्रम में जनपद ऊधमसिंह नगर के लिए आगामी 23 फरवरी को विकास भवन सभागार, रुद्रपुर में प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक जन सुनवाई आयोजित की जाएगी। इस दौरान विद्युत उपभोक्ता प्रस्तावित दरों पर अपने विचार, सुझाव और आपत्तियां सीधे आयोग के समक्ष रख सकेंगे। प्रशासन ने जनपद के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं, जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों और सामाजिक संस्थाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस जन सुनवाई में उपस्थित होकर राय दें ताकि पारदर्शी तरीके से दरों का निर्धारण किया जा सके।

# स्पा सेंटरों पर पुलिस का छापा,कई सेंटरों पर जड़े ताले



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देशानुसार ऊधम सिंह नगर पुलिस ने जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त अभियान छेड़ दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को एएचटीयू प्रभारी बसंती आर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पंतनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेट्रोपोलिस मॉल स्थित विभिन्न स्पा सेंटरों पर औचक छापेमारी की। इस कार्रवाई से मॉल परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस टीम द्वारा की गई सघन चेकिंग के दौरान 10 से अधिक स्पा सेंटर बिना किसी वैध अनुमति और निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित पाए गए। नियमों की घोर अनदेखी मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थाई स्पा, लग्जरी स्पा, गोल्डन स्पा, रॉयल मेलोडी, 7 हेवन, सिग्नेचर, डीलक्स, ग्रीन वैली तथा यूनेक्श स्पा सेंटरों को बंद कराकर उन पर ताले जड़ दिए। साथ ही संचालकों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई अमल में लाई गई है। जांच के दौरान मॉल स्थित इंफिनिटी बार में भी नियमों का उल्लंघन पाया गया, जिस पर पुलिस ने बार मालिक के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कोर्ट चालानी कार्यवाही करते हुए 10 हजार रुपये का चालान किया। इसके अतिरिक्त पुलिस ने विभिन्न अन्य मामलों में कुल 50 हजार रुपये के चालान काटे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जनपद में किसी भी प्रकार की अवैध, अनैतिक अथवा नियम विरुद्ध गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रखी जाए। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि उनके आसपास किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि संचालित हो रही है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# छात्र-छात्राओं ने खेल और शैक्षणिक कौशल का दिखाया दम



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पीएमसी अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज में खेलकूद, निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं का शानदार आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्रों ने कबड्डी, खो-खो और रस्सा खींच जैसी स्पर्धाओं में पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। खेल स्पर्धाओं के अंतर्गत वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले में ब्रह्मपुत्र सदन ने नर्मदा सदन को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। वॉलीबॉल मैच के दौरान विशाल और नीरज ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। वहीं, कबड्डी प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल में गंगा सदन ने कावेरी सदन को हराकर जीत दर्ज की।शैक्षणिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत आयोजित निबंध स्पर्धा के जूनियर वर्ग में दीपक राजपूत और सीनियर वर्ग में विष्णु सिंह राठौड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसी क्रम में भाषण प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में निश्चय पांडे और जूनियर वर्ग में अभिषेक प्रथम स्थान पर रहे। इससे पूर्व कार्यक्रमों का विधिवत उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर गिरीश चंद्र शर्मा, राजपति बिंद, प्रमोद बाबू शर्मा, कमला पांडे, गोविंद सिंह बिष्ट, इंदिरा ग्वासीकोटी, पूजा बत्रा, सुमित पंत, नीलम यादव, प्रभु दयाल सिंह, भरत मिश्रा, नूपुर सिंह, प्रज्ञा त्रिपाठी, बी सी जोशी, आरपी सिंह, एस डी पाठक, ललित मोहन जोशी, प्रीति चौहान, विपिन गुप्ता, शिवेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह और जगदीश चंद्र भट्ट सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# बस्ती और बगीचों में छापेमारी कर बरामद की शराब



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशानुसार आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान चलाते हुए फतेहपुर एवं लामाचौड़ क्षेत्र में कड़ी कार्रवाई की है। विभागीय टीम ने इन क्षेत्रों में संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।अभियान के दौरान आबकारी टीम ने रोड किनारे स्थित कच्ची बस्ती के पीछे और पास ही स्थित बगीचे की ओर सघन तलाशी ली। इस दौरान गड्ढों में छिपाकर रखे गए ड्रमों से कुल 267 पाउच कच्ची शराब बरामद की गई। कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में आबकारी विभाग ने अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।दबिश देने वाली टीम में आबकारी निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह, उप आबकारी निरीक्षक कैलाश जोशी, हीरा बल्लभ, राहुल, खुशाल, ज्योति, भास्कर और गीता शामिल रहे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ इस तरह का अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## हादसों के जिम्मेदार

किसी भी तरह के हादसे के बाद यह मान लिया जाता है कि इसकी वजह किसी की चूक या फिर कोई तकनीकी गड़बड़ी होगी और जांच का सिरा भी आमतौर पर इसी दिशा में आगे बढ़ता है। अगर कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब सरकार की ओर से कार्रवाई के नाम पर निचले स्तर के कुछ लोगों को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की जाती है और इसके लिए जिम्मेदार उच्च अधिकारियों या अन्य लोगों को प्रकारांतर से बख्श दिया जाता है।यह बेवजह नहीं है कि हादसे के मूल कारण बने रह जाते हैं और कुछ समय बाद फिर उसी तरह की घटना सामने आती है। हरियाणा के फरीदाबाद में सूरजकुंड मेले में जिस तरह एक विशाल झूले के टूट जाने से एक पुलिस निरीक्षक की जान चली गई और बारह अन्य लोग घायल हो गए, वह प्रशासनिक स्तर पर बरती गई घोर लापरवाही का एक और उदाहरण है।झूले पर गए लोगों ने यह सोचा भी नहीं होगा कि मनोरंजन के बजाय एक घातक हादसे का खतरनाक अनुभव उनकी जेहन में लंबे समय तक के लिए घर बना लेगा। हादसे के बाद झूला संचालक और एक अन्य कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया, लेकिन क्या इस तरह नाममात्र के लिए की गई कार्रवाई यह सुनिश्चित कर सकता है कि भविष्य में ऐसा हादसा नहीं होगा?ऐसा लगता है कि उदासीनता और लापरवाही सरकारी महकमों की कार्यशैली बन चुकी है। आमतौर पर निचले स्तर के कुछ आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करके मामले का हल मान लिया जाता है और शायद ही कभी हादसों के वास्तविक जिम्मेदार लोगों को कठघरे में लाया जाता है। नतीजतन, हादसे एक सिलसिले की तरह कायम रहते हैं। सूरजकुंड मेले में जो झूला टूटा, निश्चित रूप से चलाने के पहले उसकी जरूरी जांच में लापरवाही बरती गई होगी और किसी तकनीकी खामी को नजरअंदाज किया गया होगा। सवाल है कि किसी भी झूले के संचालन से पहले हर स्तर पर उसकी पुख्ता सुरक्षा जांच में खरा उतरने के बाद ही उसे चलाने की इजाजत देने के लिए क्या सरकार की ओर कोई तंत्र गठित किया गया है। मेले के आयोजन की इजाजत देते हुए उसमें होने वाली गतिविधियों का पूरी तरह सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करना किसकी जिम्मेदारी थी? क्या सरकार ने इसके लिए जवाबदेह किसी उच्च स्तर के अधिकारी को भी कार्रवाई के दायरे में लाने की कोशिश की? । अब मामले की गंभीरता के मद्देनजर एक विशेष जांच टीम (एसआइटी) का गठन किया गया है। जांच के दायरे में झूला लगाने, उसका रखरखाव, निरीक्षण और संचालन से जुड़े लोगों से पूछताछ हो सकती है। मगर इस तरह की जांच के निष्कर्ष इस बात पर निर्भर करते हैं कि इसके लिए तकनीकी प्रमाणपत्र जारी करने वाले अधिकारी से पूछताछ, झूले के सभी कल-पुर्जों के सही होने की रपट और सुरक्षा मानकों के अनुपालन से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल में कितनी पारदर्शिता बरती जाएगी और असली दोषियों को कानून के कठघरे में लाने को लेकर कितनी ईमानदार इच्छाशक्ति दिखाई जाएगी।

# लाइसेंस लेकर निजी भूमि पर लग सकेंगे निजी बाजार व फूड कोर्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर की यातायात व रेहड़ी ठेली खड़ा करने की समस्या के समाधान के लिए नगर निगम प्रशासन ने नई नीति का निर्धारण किया है। नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम सीमान्तर्गत स्वयं की निजी भूमि पर निजी बाजार / फूड कोर्ट / चौपाटी आदि नियमन एवं संचालन हेतु नगर निगम द्वारा उपविधि तैयार कर ली गई है। अब स्वयं की निजी भूमि पर निजी बाजार / फूड कोर्ट आदि संचालन करने हेतु इच्छुक व्यक्ति को नगर निगम से अनुमति / लाईसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा। स्वयं की निजी भूमि पर निजी बाजार संचालित करने के इच्छुक व्यक्ति नगर निगम के मार्केटिंग अनुभाग में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया नगर निगम सीमान्तर्गत निजी बाजार खुलने से जहाँ रेहडी एकी पर व्यवसाय करने वाले लघु व्यवसायियों को अपना व्यवसाय करने के लिए प्ले उपलब्ध होगा वहीं दूसरी ओर मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण व आये दिन लगने वाले जाम से उत्पन्न होने वाली परेशानियों में भी कमी आयेगी। नगर निगम द्वारा अधिसूचित उपविधि के अनुसार निजी बाजार संचालक को प्रथम वर्ष में 25 प्रतिशत स्थान नगर निगम के सिटी वैण्डिंग कार्ड होल्डर हेतु सुरक्षित रखने होगें तथा प्रत्येक वैण्डर को नगर निगम से ट्रेड लाईसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा। निजी बाजार / फूड प्लाजा संचालक को निजी बाजार स्थल पर आने वाले उपभोक्ताओं हेतु वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थल उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने बताया वाहनों की पार्किंग इस प्रकार से करायी जायेगी जिससे वाहन ट्रैफिक जाम का कारण न बनें तथा निजी बाजार स्थल पर जन सुविधाएं यथा पार्किंग, लाईट, शौचालय, साफ-सफाई, व सी0सी0टी0वी0 कैमरा आदि की व्यवस्था स्वयं के व्यय पर अनिवार्य रूप से की जायेंगी। नगर निगम की उपविधियों का उल्लंघन किये जाने पर निजी बाजार लाईसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।

# आग की चपेट में आकर झुलसी महिला, अस्पताल में किया भर्ती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज दोपहर इन्द्रा कालोनी में बीड़ी पीने के दौरान रजाई में आग लग जाने से एक महिला आग की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से झुलस गई जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार इ न्द्रा कालोनी निवासी 55 वर्षीय सायरा पत्नी सखावत घर में बीड़ी पी रही थी। इसी दौरान बीड़ी की निकली चिगारी उसके कपड़ों और रजाई पर जा गिरी जिससे रजाई में आग लग गई। चल न सकने के कारण उसने शोर मचाया। शोर की आवाज सुनकर परिजनों के साथ आस पड़ोस के लोग भी आ गये । आग से गंभीर रूप से झुलसी महिला को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। महिला के दो बच्चे बताये जा रहे है।



# मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियरों ने दिया धरना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ द्वारा अपनी 27 सूत्रीय समस्याओं की समस्याओं के समाधान हेतु घोषित संघर्ष कार्यक्रम के द्वितीय चरण में आज एक दिवसीय बैठक कर सिंचाई खंड रुद्रपुर परिसर में धरना दिया गया। बैठक में महासंघ व समस्त घटक संघों के पदाधिकारी व सदस्य्य उपस्थित रहे। बैठक में सभी सदस्य्य इस बात पर रोषित थे कि लगातार आश्वासन दिये गये व संघर्ष प्रारम्भ होने के के बावजूद सरकार द्वारा महासंघ की मांगों के समाधान हेतु कोई भी सकारात्मक कार्यवाही प्रारंभ नहीं की गई। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री द्वारा सकारात्मक रुख अपनाये जाने के



बावजूद शासन की हठधर्मिता प्रदर्शित करता है। बैठक में संकल्प व्यक्त किया गया कि कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जनपद स्तर से संघर्ष किया जायेगा और प्राँतीय पदाधिकारियों द्वारा अगले चरण में अगर हड़ताल आदि कार्यक्रम घोषित किया जाता है तो सदस्यों द्वारा कराए जा रहे समस्त विकास कार्यों को रोक दिया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। बैठक मे श्रीमती ज्योति रावत, मनमोहन सिंह,आर एस मेहरा,हरीश बसेड़ा, भरत सिंह डांगी, विनोद सनवाल, आनंद सिंह नेगी, इं0भुवन जोशी, इ0 सुभाष भट्ट, अजेंद्र जोशी, विजयपाल सिंह, केशव सिंह, सत्यपाल सिंह, इं. इंद्र सिंह चिलवाल, गौरव मेहरा, मुनीष तिवारी, राजू कुमार, यशपाल सिंह, योगेश ततराड़ी, गोविन्द भट्ट, शालाखा पंत, प्रियंका पुंडीर, इ. रीना सिंह, पूजा मेहता, गीता गंगवार, नरेंद्र आदि मौजूद थे।

# पंतनगर विश्वविद्यालय में फल अनुसंधान पर राष्ट्रीय समूह चर्चा का आयोजन

## देश के विख्यात वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों ने फल उत्पादन की नई तकनीकों पर किया मंथन

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के डॉक्टर रतन सिंह सभागार में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित ऑल इंडिया कोऑर्डिनेटर रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन फ्रूट्स की 13वीं समूह चर्चा के उद्घाटन सत्र का भव्य आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में देश के विभिन्न कोनों से आए 19 आईसीएआर संस्थानों और 22 राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों सहित विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। विशेष बात यह रही कि इसमें छह अलग-अलग राज्यों से आए प्रगतिशील किसानों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और खेती के व्यावहारिक अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रतिनिधि और एमपीयूएटी उदयपुर व यूयूएचएफ भरसार के पूर्व कुलपति डॉक्टर ए.के. कर्नाटक के साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिष्ठाता और निदेशक भी मौजूद रहे। इस समूह चर्चा को फल अनुसंधान के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग, ज्ञान के आदान-प्रदान और नवाचार को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर मनमोहन सिंह चौहान ने शोध कार्यों के व्यावहारिक लाभ पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान का सीधा लाभ किसानों के खेतों तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिकों को सुझाव दिया कि उत्तराखंड के स्थानीय फलों जैसे बेडू और काफल को शोध के माध्यम से उन्नत बनाया जाए ताकि उनके आकार और वजन में वृद्धि हो सके। कुलपति ने आधुनिक तकनीकों के उपयोग और कृषि को एक लाभप्रद उद्योग के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के उद्यान अनुसंधान केंद्र पत्थरचट्टा में ड्रैगन फ्रूट, अंगूर और एवाकेडो जैसे नए फलों का रोपण किया जा रहा है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से पहाड़ी क्षेत्रों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों का जिक्र करते हुए वैज्ञानिकों से तुड़ाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने और फलों की सेल्फ लाइफ बढ़ाने हेतु प्रभावी शोध करने का आहवान किया।इस अवसर पर आईसीएआर के सहायक महानिदेशक डॉक्टर वी.बी. पटेल ने वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हुए कहा कि उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार पोषक तत्वों से भरपूर नई किस्में विकसित करना समय की जरूरत है। उन्होंने कीवी का उदाहरण देते हुए बताया कि भारत में इसकी उत्पादकता न्यूजीलैंड के मुकाबले काफी कम है जिसे बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने होंगे। नागपुर से आए डॉक्टर दिलीप घोष ने नींबू वर्गीय फलों में नए रोगों और कीटों के प्रति प्रतिरोधी किस्में विकसित करने पर प्रकाश डाला, जबकि बीकानेर से आए डॉक्टर जगदीश राणे ने शोध कार्यों में डेटा और एआई तकनीक के उपयोग को भविष्य के लिए अनिवार्य बताया। कार्यक्रम में डॉक्टर प्रकाश पाटिल ने देश के 49 केंद्रों पर चल रहे शोध कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण में निदेशक शोध डॉक्टर एस.के. वर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को साझा किया। कार्यक्रम के दौरान आम, अमरूद और लीची की उत्पादन वृद्धि से संबंधित तकनीकी पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। समारोह में छह राज्यों के प्रगतिशील किसानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर प्रकाश पाटिल, डॉक्टर दिलीप घोष, डॉक्टर जगदीश राणे, डॉक्टर एस.के. वर्मा, डॉक्टर सुभाष चंद्र और डॉक्टर ए.के. सिंह मंचासीन रहे। अंत में संयुक्त निदेशक उद्यान डॉक्टर ए.के. सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।





# विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा-निर्देशानुसार और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल व जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किशनपुर गोलापार में एक दिवसीय विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव और सिविल जज पारुल थपलियाल के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में एसडीआरएफ की टीम ने भी सहभागिता की।शिविर के दौरान एसडीआरएफ की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों, प्राथमिक सुविधाओं और प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने के तौर-तरीकों का गहन प्रशिक्षण दिया गया। इसके उपरांत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पारुल थपलियाल ने छात्र-छात्राओं को प्राधिकरण के क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए पॉक्सो एक्ट और मोटर वाहन अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। शिविर में विद्यालय की प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।



# ग्रामीणों को दी डिजिटल न्याय और निशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी

गदरपुर (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के सचिव के आदेशानुसार वार्ड नंबर 5 स्थित आदर्श कॉलोनी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय डिजिटल न्याय पहलू को सुदृढ़ बनाना और ई-टू कॉपी मॉड्यूल ई-सेवा केंद्र के प्रति जनता को जागरूक करना था।शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान स्थायी लोक अदालत के लाभ, नालसा टोल फ्री नंबर 15100 और राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की उपयोगिता के बारे में बताया गया ताकि लोग किसी भी कानूनी समस्या या साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें।कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता राकेश कुमार सुखीजा के साथ पराविधिक कार्यकर्ता राजकुमारी, संगीता सरदार और गोपाल सिंह गौतम ने कानूनी बारीकियों की जानकारी देकर ग्रामीणों को सशक्त बनाया। शिविर में लगभग 40 ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने डिजिटल माध्यम से न्याय पाने की प्रक्रियाओं को समझा।



# बालिकाओं में आत्मविश्वास और साहस पैदा कर रहा है सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण: शुभा रावत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के प्रति बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फाजिलपुर महरौला में संचालित 90 दिवसीय सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। भारत सरकार की समग्र शिक्षा योजना के तहत रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा कार्यक्रम और मिशन शक्ति-सम्बल-बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का समापन कराटे प्रतियोगिता के साथ किया गया। समापन अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शुभा रावत ने छात्राओं को अपनी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दिलाया।प्रधानाचार्या शुभा रावत ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों के साथ होने वाली घटनाओं को देखते हुए यह प्रशिक्षण अत्यंत मददगार साबित होगा। उन्होंने प्रशिक्षण देने वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच ऋषि पाल भारती व सह प्रशिक्षिका कौशल्या गुप्ता के कार्यों की सराहना की। विद्यालय की अध्यापिका डॉ. बसंती रानी ने कहा कि आत्मरक्षा का हुनर जानने वाली बेटियां किसी भी हालात से निपट सकती हैं और यह कोर्स सभी के लिए अनिवार्य होना चाहिए। प्रशिक्षक ऋषि पाल भारती ने छात्राओं को पेन और दुपट्टे जैसी सामान्य चीजों को हथियार बनाकर अपराधी का सामना करने की तकनीक सिखाई। सह प्रशिक्षिका कौशल्या गुप्ता ने बालिकाओं को प्रतिकूल परिस्थितियों में चुप न रहने और सरकारी सहायता तंत्र का उपयोग करने की सलाह दी।शिविर के समापन पर आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली निधि कुमारी, बीना, अंजलि, कामिनी, ज्योति जोशी और रजत पदक जीतने वाली भावना, निहारिका, चंद्रिका रानी, साबिया, अंशिका कुमारी को पुरस्कृत किया गया। कांस्य पदक जीतने वालों में संजना, पलक, स्वस्ति भट्ट, प्रिया, पिंकी, पूनम बोरा, पूजा, सृष्टि, रानी और नेहा शामिल रहीं। प्रतियोगिता में साबिया को बेस्ट फाइटर अवॉर्ड और ज्योति जोशी व अंशिका कुमारी को बेस्ट स्टूडेंट्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जिला स्तरीय महिला जु-जित्सू चौंपियनशिप में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की टीम को भी विशेष पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से संगीता नेगी, ममता रानी, भगवती पांडे, पूनम रानी, निधि वर्मा और अलका यादव उपस्थित रहीं।



# किशन खेड़ा 175 में से 172 वोट लेकर बने सहकारी समिति के संचालक

गदरपुर। बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड,(गदरपुर) के संचालक पद पर श्री किशन खेड़ा जी को 175 में से 172 वोटो से ऐतिहासिक जीत हासिल होंने पर जश्न का माहौल बन गया। उल्लेखनीय हॉकी 175 में से एक वोट रद्द किया गया,जबकि विरोधी पक्ष को मात्र दो वोट मिले। नवनिर्वाचित



किशन खेड़ा ने कहा कि जो जिम्मेदारी उसे सौंपी गई है उसका वे तन मन से निर्वाह करेंगे। किशन खेड़ा के गदरपुर समिति का डायरेक्टर बनने पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह ,इंद्रपाल सिंह संधू ,शराफत मंसूरी, शैलेंद्र शर्मा, गुरविंदर विर्क, पंकज खेड़ा ,चिमनलाल खेड़ा, गुरमीत सिंह ,अमन बठला, अमरीक सिंह ,अहमद हसन ,सुरेश कंबोज, संजीव खेड़ा, हिकमत अली ,संजीव इलाहाबादी, चंदर,त्रिलोक प्रधान, निखिल खेड़ा आदि ने शुभकामनाएं प्रदान कीं।

# श्री कृष्ण कथा में श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर। श्री अनंत प्रेम आश्रम आदर्श कॉलोनी में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा ट्रस्ट की ओर से श्रीमद्भागवत सार कृष्ण कथा का आयोजन किया गया। कथा में परम हंस संत शिरोमणि डॉ. स्वामी सदानंद महाराज के प्रवचनों को सुनने के लिए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कथा श्रवण किया और महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भाजपा नेता अनिल चौहान और पूर्व मेयर रामपाल सिंह को अंग वस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे का संचार करते हैं। इस धार्मिक आयोजन में राजेंद्र इंदु अग्रवाल, बजरंग लाल गर्ग, खरैती लाल गगनेजा, चंदन दास गर्ग, नरेंद्र बंसल, सुशील चौहान, सुनील चौहान, राजेंद्र अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अजय चौहान, नरेश चौहान, संजय ठुकराल, ललित बिष्ट सहित तमाम श्रद्धालु और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।



# यातायात कार्यालय में स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर आयोजित

रुद्रपुर। 36वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार 10 फरवरी 2026 को यातायात पुलिस रुद्रपुर द्वारा यातायात कार्यालय इन्द्रा चौक परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिसकर्मियों, वाहन चालकों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर दि मेडिसिटी हॉस्पिटल रुद्रपुर की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा सेठी तथा पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. रविकांत पांडे अपनी चिकित्सकीय टीम के साथ मौजूद रहे। चिकित्सकों द्वारा उपस्थित लोगों की आंखों एवं श्वसन संबंधी जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं कई पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना, वाहन चालकों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रेरित करना तथा रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंदों की जान बचाने के लिए आगे आने का संदेश देना था। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध /यातायात सुश्री निहारिका तोमर, पुलिस उपाधीक्षक यातायात प्रशांत कुमार, निरीक्षक यातायात नरेंद्र कुमार आर्या, नरेन्द्र सिंह ट्रैफिक इंचार्ज, टीएसआई धनपाल तलवार ,सीपीयू इंचार्ज गोदान सिंह,जितेन्द्र तिवारी, जीडी जोशी, एएसआई रणजीत सिंह,एएसआई खीम दास, दिनेश भैसोड़ा,भोपाल सिंह कार्की,मनोज कुमार,नंदन सिंह,योगेश जोशी,सहनाज खान,नीतू बिष्ट,सुमन वर्मा,चंद्रा कांडपाल आदि मौजूद रहे।



## पेज एक का शेष...

**बुल्लेशाह पाकिस्तान में ...**में ही रहते थे और वहीं उनको दफनाया भी गया। बुल्ले शाह का मकबरा कसूर शहर के ठीक बीच में स्थित है। देश दुनिया से जहां बड़ी संख्या में उनके चाहने वाले जाते है। बुल्लेशाह मुख्यत: प्रेम पर विश्वास रखते थे इस लिए उनके। सूफियान गीतों में उन्होंने खुदा से पहले, ईश्वर से पहले प्रेम को चुना। सवाल ये है जब बुल्लेशाह पाकिस्तान के कसूर कस्बे में दफना दिए गए है तो मसूरी में उनके नाम की मजार कैसे बन गई ? उल्लेखनीय है पिरान कलियर की रुड़की में ख्वाजा गरीब नवाज की अजमेर में एक ही मजार या दरगाह है। यानि सूफी फकीरों की एक ही स्थान पर मजार या दरगाह हो सकती है, फिर ये बुल्लेशाह मसूरी में कहां से आए ? मसूरी में बुल्लेशाह की जहां अवैध मजार बताई जा रही है वहां आसपास एक दर्जन अवैध मजारे और भी बन गई है ये कैसे बनी क्यों बनी कब बनी ? इस बारे में मजार प्रबंध कोई जवाब नहीं दे रहा। बताया जाता है कि यहां बैठने वाले मुस्लिम खादिम हरी नीली चादरों,अगरबत्ती, मीठी गोली ,ताबीज और झाड़ फूंक का धंधा कर स्थानीय हिन्दू लोगों को गुमराह करते है। मुस्लिम लोग यहां कम जाते है क्योंकि वो खुदा के अलावा किसी के आगे सर नहीं झुकाते। पिछले दिनों हिंदुत्वनिष्ठ संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उक्त अवैध मजार को तोड़ डाला था जिसके बाद यहां विवाद की स्थिति बन गई थी और प्रशासन को यहां सुरक्षा करनी पड़ी थी। बताया गया है कि बीजेपी से जुड़े कुछ लोग भी उक्त अवैध मजार की समिति में शामिल बताए जाते है। जिनपर संगठन नजर रखे हुए है। उधर जिला प्रशासन का कहना है कि अभी इस बारे में जांच पड़ताल की जा रही है कि ये धार्मिक संरचनाएं कैसे बन गई? इस बारे में बजरंग दल के नेताओं का कहना है कि ये अवैध मजारे है और लोगों को यहां बैठे लोग आस्था के नाम पर धोखा दे रहे है ये फर्जीवाड़ा देवभूमि में नहीं चलने दिया जायेगा।

**मातृशक्ति राज्य के विकास ....**को पंख देने का काम करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना का लाभ पारदर्शी तरीके से पात्र महिलाओं तक समयबद्ध सीमा में पहुंचाया जाए। योजना के तकनीकी पहलुओं पर जानकारी देते हुए बताया गया कि इसके तहत 2 लाख रुपये तक के स्वरोजगार प्रोजेक्ट पर सरकार द्वारा 75 प्रतिशत की भारी सब्सिडी दी जा रही है। इसका अर्थ है कि महिलाओं को मात्र 25 प्रतिशत धनराशि ही लगानी होगी, बाकी 1.5 लाख रुपये तक की मदद सरकार प्रदान करेगी। इस योजना के दायरे में विधवा, परित्यक्ता, अविवाहित, तलाकशुदा और एसिड हमले से प्रभावित महिलाओं को रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार 'अंत्योदय' के मंत्र पर चलते हुए अंतिम छोर पर बैठी महिला तक विकास की किरण पहुंचा रही है। सीएम धाामी ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है जहां हम मातृ शक्ति के सशक्तिकरण के लिए एक नये युग का सूत्रपात करने जा रहे हैं। आज एक ऐसी योजना का शुभारम्भ हो रहा है जो न केवल मातृ शक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनायेगी बल्कि आत्म सम्मान और आत्म निर्भरता का भी मार्ग प्रशस्त करेगी। आज केवल योजना को शुभारम्भ नहीं कर रहे बल्कि प्रदेश की महिलाओं के संघर्ष को नई दिशा देने जा रहे हैं। सरकार मातृ शक्ति के साथ खड़ी है। आने वाले समय में पूरे देश के लिए यहां की मातृ शक्ति प्रेरणास्रोत बनेंगी। सीएम ने कहा कि कोई राष्ट्र और समाज की उन्नति की कल्पना करना संभव नही है, जब तक मातृ शक्ति आत्म निर्भर ना हो। सीएम धामी ने कहा कि एक महिला जब सशक्त होती है तो न केवल अपने परिवार को संवारती है बल्कि देश ओर समाज की उन्नति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए नारी शक्ति की सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं।इस योजना के माध्यम से महिलाों को उनकी रूचि और उनकी आवश्यकता के अनुसार कार्य करने का प्रावधान किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने भी विचार रखे। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगी। योजना के तहत महिलाएं पशुपालन, बागवानी, ब्यूटी पार्लर, सिलाई-कढ़ाई और लघु उद्योगों के जरिए अपनी आजीविका चला सकेंगी। उन्होंने कहा सीएम धाामी की दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि हमारी एकल महिलाएं सहारे से बढ़कर अवसर में बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि आज इस योजना से 484 महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और बढ़ेगा। कार्यक्रम में सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास हरि चंद्र सेमवाल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न जनपदों से आई लाभार्थी महिलाएं और मातृशक्ति उपस्थित थी।

**अग्निकांड में दो ...**चपेट में ले चुकी थी। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि आसपास की झोपड़ियों पर भी खतरा मंडराने लगा था, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि मोहम्मद शाह के घर में महज दो दिन पूर्व ही विवाह समारोह आयोजित हुआ था। घर में शादी से जुड़ा नया सामान, कपड़े, बर्तन और नकदी मौजूद थी। पीड़ित परिवार अभी शादी की खुशियां मना ही रहा था कि इस दैवीय आपदा ने सब कुछ छीन लिया। किसानों और स्थानीय जानकारों का कहना है कि अग्नि ने घर के भीतर रखा एक-एक तिनका राख कर दिया है, जिससे परिवार के सामने अब जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है। फायर यूनिट के कर्मचारियों ने मिनी हाईप्रेशर पंप और होजरील के माध्यम से पानी की बौछार कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों की सूझबूझ से आग को पड़ोस की अन्य झोपड़ियों तक फैलने से पहले ही रोक लिया गया, अन्यथा यह हादसा और भी बड़ा रूप ले सकता था। आग बुझाने वाली टीम में चालक मदन सिंह, फायरमैन दीपक सिंह, भवान सिंह, संजय सिंह, प्रमोद सोन तथा संविदा चालक धीरज राणा शामिल रहे। मौके पर कलकत्ता चौकी पुलिस भी मुस्तैद रही। इस अग्निकांड में किसी प्रकार की मानवीय जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन एक बेजुबान गाय की जिंदा जलकर मौत हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार परिवार को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगने के स्पष्ट कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, प्रशासन इसकी जांच कर रहा है। प्रभावित परिवार और ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

**डंपर की टक्कर से ..**गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को अपने वाहन से सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद कविता को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल दिनेश का उपचार शुरू किया गया। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही किच्छा पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना करने वाले डंपर को जब्त कर लिया। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है। वहीं, क्षेत्र में भारी वाहनों से लगातार हो रहे सड़क हादसों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गहरा रोष व्याप्त है। विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी कार्यालय के सम्मुख धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन बेलगाम डंपरों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश डंपर बिना सह-चालक के चलाए जा रहे हैं और यातायात नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जिससे आम जनता की जान खतरे में है। धरना प्रदर्शन में निवर्तमान अध्यक्ष दर्शन कोली, व्यापारी नेता गुलशन सिंधी, ओम प्रकाश पप्पू, जीवन जोशी, एनयू खान, डिंपल धांजू, दानिश मलिक, दलजीत सिंह, जैद खान, फरियाद शाह, रिजवान निक्की, दीप हंसपाल, फजिल खान, रणजीत, हरभजन सिंह, धर्मेंद्र सिंधी, मंगली प्रसाद, जगरूप सिंह गोल्डी और दलीप सिंह बिष्ट सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कांग्रेसियों ने मांग की है कि भारी वाहनों के संचालन पर सख्त रोक लगाई जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**किसान परिवार के पांच...**वर्षीय मनीष गांव में खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतकों में मनीष के अलावा उसकी पत्नी सीमा (32 वर्ष), पांच वर्षीय पुत्री हनी, चार वर्षीय पुत्री प्रियांशी और महज दो वर्ष का पुत्र पंकज शामिल है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मनीष ने पहले बच्चों और पत्नी को जहर दिया और फिर स्वयं भी जहर गटक लिया। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तो रसोई की दीवार पर एक सुसाइड नोट लिखा मिला, जिसमें साफ तौर पर दर्ज था कि 'हम स्वयं आत्महत्या कर रहे हैं।' हालांकि, इस सामूहिक आत्मघाती कदम के पीछे की असली वजह अभी भी रहस्य बनी हुई है। मृतक मनीष तीन भाइयों में से एक था और उसके अन्य दो भाई गांव में ही अलग-अलग मकानों में रहते हैं। कुछ समय पहले ही मनीष के पिता का देहांत हुआ था, जिसके बाद से वह मानसिक रूप से कुछ परेशान बताया जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही सीमा के पिता विजेंद्र भी बदहवास हालत में खप्परपुर पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह एक दिन पहले ही अपनी बेटी और दामाद से मिलकर गए थे और तब सब कुछ सामान्य लग रहा था। विजेंद्र ने पुलिस को बताया कि मनीष का अपने भाई बिल्लू के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, जो संभवत: इस तनाव का एक बड़ा कारण हो सकता है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस इस बात की भी तफ्तीश कर रही है कि क्या परिवार किसी बड़े आर्थिक संकट या कर्ज के दबाव में था। फिलहाल पांचों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस मुस्तैद है। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट और परिजनों के बयानों के आधार पर मामले की हर कोण से जांच की जा रही है, ताकि इस सामूहिक आत्महत्या के पीछे छिपे असल कारणों का खुलासा हो सके।

**आईटीबीपी जवान...** चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। बताया जा रहा है कि मृतक जवान चेतराम मीणा मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इससे पूर्व जुलाई 2025 में जब वह पिथौरागढ़ में तैनात था, तब भी उसने आत्महत्या करने का प्रयास किया था। पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच कर रही है और मृतक के परिजनों को राजस्थान में सूचना भेज दी गई है। मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है।

### भूल सुधार

कल दिनांक 9 फरवरी 2026 को प्रकाशित उत्तरांचल दर्पण के अंक में त्रुटिवश अंक संख्या 125 प्रकाशित हो गई थी। इसे सुधारकर '124' पढ़ा जाये।

**-संपादक**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ड्राईविंग लाईसेंस में मेरा नाम भूलवश निसार हुसैन (NISAR HUSAIN) एवं मेरे पिता का नाम मुखात्यार हुसैन (MUKHTIYAR HUSAIN) अंकित हो गया है जो कि गलत है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम निसार हुसैन (NISHAR HUSAIN)एवं मेरे पिता का सही व वास्तविक नाम मुख्तार हुसैन (MUKHTAR HUSAIN)है।

निसार हुसैन पुत्र मुखतार हुसैन, निवासी-वार्ड नं. 27, गांधी कालोनी, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा    एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

**स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित**

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'रंग लाई', सीएम धामी की 'मत्स्य संपदा योजना'

## अब विदेश भेजी जाएगी उत्तराखंड की ट्राउट फिश, मत्स्य विभाग ने आरंभ की सर्टिफिकेट तैयार करने की कवायद

-अर्श-

देहरादून/ चमोली। रोजगार की तलाश में उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों से लगातार हो रहे पलायन को रोकने के लिए धामी सरकार सदैव ही प्रयत्नशील रही है और सरकार के द्वारा पर्वतीय क्षेत्र के युवाओं को पहाड़ से जोड़े रखने के लिए अनेक रोजगार परक योजनाओं की शुरुआत की गई थी। सरकार द्वारा आरंभ की गई इन रोजगार परक योजनाओं से जुड़कर राज्य के युवा आरंभ में तो अपने उत्पाद निकटवर्ती तहसील और जिलों के बाजारों तक पहुंच रहे थे ,लेकिन सरकार के प्रोत्साहन से उत्पादन का दायरा लगातार बढ़ता चला गया और राज्य के पर्वतीय क्षेत्र के उत्पाद पूरे देश में धूम मचाने के बाद अब विदेश में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करने जा रहे हैं। बताना होगा कि सीएम धामी द्वारा राज्य के युवाओं को मत्स्य पालन के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना आरंभ की गई थी और इसके लिए सरकार द्वारा 200 करोड रुपए का प्रावधान किया गया था तथा इस योजना के तहत प्रदेश के 10 पर्वतीय जिलों में कोल्ड रनिंग वाटर में ट्राउट फिश उत्पादन को बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। मुख्यमंत्री की व्यक्तिगत रुचि के परिणाम स्वरूप मिले सरकारी प्रोत्साहन के चलते मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना बीते कुछ सालों में इतना रंग लाई है कि अब उत्तराखंड में ट्राउट फिश का उत्पादन निरंतर बढ़ता जा रहा है और उत्तराखंड के मत्स्य पालकों के लिए बड़े बाजार की जरूरत महसूस की जाने लगी है। लिहाजा मुख्यमंत्री धामी के निर्देशानुसार मत्स्य विभाग अब जल्द ही दुबई में उत्तराखंड की ट्राउट फिश भेजने की तैयारी में बड़े जोर शोर से जुट गया है तथा विभाग द्वारा ट्राउट फिश निर्यात के लिए आवश्यक खाद्य सुरक्षा और अन्य प्रमाण पत्रों को बनाने की कवायद युद्ध स्तर पर आरंभ कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि इसी साल 26 से 30 जनवरी तक दुबई में गल्फूड का आयोजन किया गया था। जिसमें उत्तराखंड मत्स्य पालन विभाग की ओर से उत्तराखंड ट्राउट फिश का प्रदर्शन किया गया था। इस गल्फूड के दौरान दुबई के लोगों को उत्तराखंडी ट्राउट काफी ज्यादा पसंद आयी थी। जिसके बाद संयुक्त अरब अमीरात के कई फाइनेंशियर्स ने मत्स्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर दुबई में ट्राउट फिश की आपूर्ति का आग्रह किया था। सो,अब उत्तराखंड सरकार दुबई में ट्राउट फिश को एक्सपोर्ट करने की तैयारी कर रही है।





बताया जा रहा है की शुरुआती दौर में 20 टन ट्राउट फिश एक्सपोर्ट की जाएगी तत्पश्चात डिमांड के आधार पर एक्सपोर्ट को बढ़ाया जाएगा। गौर हो कि उत्तराखंड में ट्राउट फिश का पालन शुद्ध जल धाराओं में किया जाता है। ठंडे पानी की यह फिश स्वाद में काफी लाजवाब होती है। यही कारण है कि उक्त मछली न सिर्फ काफी महंगी बिकती है, बल्कि इसकी डिमांड भी काफी ज्यादा है। ट्राउट फिश औषधीय गुणों से भरपूर होती है। यही वजह है कि लोग इसे चाव से खरीदते हैं। जानकारों की मानें तो ट्राउट फिश दिल के मरीजों के लिए रामबाण का काम करती है। इसमें ओमेगा थ्री फाइटीएसिड नामक तत्व होता है, जो दुर्लभ पोषक तत्व है। इसके अलावा ट्राउड फिश हृदय रोगियों के लिए रामबाण है। साथ ही हाई ब्लड प्रेशर, कोलस्ट्रॉल और मोटापा को भी नियंत्रित करती है।






# कोसी नदी में अवैध खनन पर वन विभाग का बड़ा प्रहार, 10 वाहन जब्त

## निजी वाहनों से नदी में पहुंचे अधिकारियों ने छापामार अभियान चलाया

रामनगर (उद संवाददाता)। कोसी नदी क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ वन विभाग ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए विशेष गोपनीय छापामार अभियान चलाया। यह अभियान प्रभागीय तराई में पहुंचे और सघन जांच अभियान चलाया, जिससे खनन माफिया को संभलने का मौका नहीं मिल सका।अभियान के दौरान बिना वैध प्रपत्रों के अवैध रूप से खनन एवं ट्रैक्टर (केकड़ा) को भी मौके पर जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए सभी वाहनों को रेंज स्टाफ एवं एसओजी टीम की निगरानी में संबंधित वन चौकियों में खड़ा कर दिया गया है। बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि नदी के प्राकृतिक स्वरूप और जैव विविधता को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ विभाग पूरी सख्ती बरतेगा। इस तरह के गोपनीय





पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी एसडीओ किरण शाह के नेतृत्व में संचालित किया गया। कार्रवाई को पूरी तरह गोपनीय रखने के लिए अधिकारी स्वयं निजी वाहनों से कोसी नदी क्षेत्र खनिज परिवहन करते हुए कुल 08 डंपर पकड़े गए, जिनमें छह टायर वाले 06 और दस टायर वाले 02 डंपर शामिल हैं। इसके अलावा अवैध खनन में प्रयुक्त पाए जाने पर 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 01 मोडिफाइड विभाग द्वारा पकड़े गए वाहनों के खिलाफ वन अधिनियम के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि कोसी नदी क्षेत्र एवं आरक्षित वन भूमि में किसी भी प्रकार का अवैध खनन और विशेष अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। वन विभाग की इस औचक कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

# दूसरी शादी रचा रहा था दूल्हा पुलिस के साथ पहुंची पत्नी

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी रचाने का मामला सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शादी की भनक लगते ही पहली पत्नी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई और विवाह रुकवाने का प्रयास किया। अचानक पुलिस के पहुंचने से बारातियों, घरातियों और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई।जानकारी के अनुसार, आरोपी रवि सिंह दूसरी शादी करने की तैयारी में था। इसी दौरान उसकी पहली पत्नी सोनी निवासी माजरा हसन गदरपुर को इसकी भनक लग गई। पत्नी ने तत्काल पुलिस को जानकारी दी और पुलिस बल के साथ विवाह रोकने के लिए मौके पर पहुंच गई। पत्नी का आरोप है कि उसका विवाह पहले से रवि सिंह से विधिवत रूप से हो चुका है और बिना तलाक लिए दूसरी शादी करना कानूनन अपराध है। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही बारात में खलबली मच गई और कुछ देर के लिए रस्में रुक गईं। दिनेशपुर पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और पूरे मामले की जानकारी ली। शादी पक्ष की ओर से पुलिस को बताया गया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही विवाह की कुछ रस्में पूरी हो चुकी थीं। महिला उपनिरीक्षक सोनिका जोशी ने मौके पर स्थिति को संभाला लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई। दोनों पक्षों को कानूनी स्थिति से अवगत कराया गया है। पीड़ित पहली पत्नी का कहना है कि उसके साथ बड़ा धोखा हुआ है और वह न्याय के लिए अब न्यायालय की शरण लेगी। घटना के बाद से गांव में इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

> पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस टीम विवाह स्थल पर पहुंची थी। तब तक शादी की रस्में हो चुकी थीं। पीड़िता को न्यायालय में परिवाद दायर करने की सलाह दी गई है।
> -सोनिका जोशी, महिला उप निरीक्षक, थाना दिनेशपुर।

# अपहरण के दोषी युवक को सात वर्ष का कारावास और 10 हजार का जुर्माना

रुद्रपुर। अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीएससी रुद्रपुर संगीता आर्य ने अपहरण के दोषी युवक को सात वर्ष का कारावास सुनाया है। अभियुक्त पर 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। एक व्यक्ति ने 22 अप्रैल 2023 को तहरीर देकर कहा था कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री बिना बताए गायब हो गई थी। नानकमत्ता थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। विवेचना में ग्राम मूड़झाला नानकमत्ता निवासी गुरमीत सिंह उर्फ गित्तू का नाम सामने आया। इसके बाद अभियुक्त को पकड़ लिया। उसके साथ किशोरी बरामद हुई थी। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि आरोपी गुरमीत सिंह उर्फ गित्तू उसे भगा ले गया था। इस पर पुलिस ने कई धारा में प्राथमिकी कर चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की थी। अदालत में दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद गुरमीत सिंह उर्फ गित्तू को पॉक्सो में दोषमुक्त कर दिया। वहीं अपहरण के मामले में सात वर्ष का कारावास और 10 हजार का जुर्माने लगाया।

# लामाचौड़ में चलती कार बनी आग का गोला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सोमवार की देर रात्रि लामाचौड़ क्षेत्र में एक चलती टाटा कार में अचानक आग भड़क गई। देखते ही देखते कार आग की लपटों में घिर गई। जिससे कार में सवार चालक में हड़कंप मच गया। चालक ने समय रहते वाहन से उतरकर अपनी जान बचाई। इस दौरान कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार गांधी आश्रम पीपलपोखरा नंबर-1 निवासी करण नेगी अपनी टाटा पंच कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान चलते वाहन से अचानक धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते कार में आग भड़क उठी। स्थिति को भांपते हुए उन्होंने तत्काल कार को सड़क



किनारे खड़ा किया और बाहर निकलकर सुरक्षित दूरी बना ली। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी मिंदर पाल सिंह ने बताया कि आग लगने की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, हालांकि वाहन पूरी तरह से जल गया है। दमकल टीम में भुवन चंद्र जोशी, अनुज शर्मा, श्याम सिंह नैनवाल, प्रेम प्रकाश राणा, देवेंद्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।